सं0सं0—6/एन.—8—51/10—
निदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएँ
बिहार, पटना

आदेश

दीपक राज सेवा संगम, भभुआ (कैमूर) की इकाई माँ मुण्डेश्वरी पारा मेडिकल एण्ड नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान, भभुआ (कैमूर) को ए0एन0एम0 प्रशिक्षण स्कूल खोलने के लिए स्वास्थ्य निदेशालय के आदेश ज्ञापांक—1153(6) दिनांक—30.12.10 द्वारा गठित निरीक्षण समिति के द्वारा निरीक्षण कराया गया था, जिसके आलोक में उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के पत्रांक—038 (उ0नि0को0) दिनांक—31.01.11 से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में समीक्षोपरान्त उक्त स्कूल को 50 (पचास) सीटों के नामांकन हेतु अगले 1 (एक) वर्ष/एक बैच के लिए निम्नलिखित शर्तों के साथ मान्यता प्रदान की जाती है:—

(क) उक्त संस्थान छः माह के अन्दर भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली से अपना निरीक्षण करा लेंगे। यदि भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, तो इनकी मान्यता रद्द कर दी जायेगी।

(ख) संस्थान भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मापदण्डों का अक्षरशः पालन करते हुए संचालित की जायेगी। सिविल सर्जन, कैमूर समय—समय पर गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे तथा भारतीय उपचर्या परिषद् की अहर्ताओं की अवहेलना होते ही संस्थान की मान्यता रद्द कर दी जायेगी।

(ग) संस्थान द्वारा नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 में निहित प्रावधानों का अनुपालन किया जायेगा।

(घ) कुल आवंटित सीटों में से 50% छात्राओं का नामांकन सरकार के निर्णयानुसार की जायेगी अर्थात् 25 सीटों पर नामांकन स्कूल प्रबंधन द्वारा तथा 25 सीटों पर राज्य सरकार द्वारा की जायेगी।

(ङ) संस्था की प्रशासी इकाई में (क) क्षेत्रीय उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमण्डल, पटना (ख) सिविल सर्जन, कैमूर तथा (ग) अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कैमूर को सदस्य मनोनीत किया जाता है।

2. इसमें सरकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/—
(डा0 सुरेन्द्र प्रसाद)
निदेशक प्रमुख
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:— 465 (6) /स्वा0, पटना, दिनांक:— 9/6/2011

प्रतिलिपि:—श्री संतोष कुमार वर्मा, सचिव, माँ मुण्डेश्वरी पारा मेडिकल एण्ड नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान, पटेल महिला डिग्री कॉलेज के नजदीक, वार्ड नं0—1, भभुआ (कैमूर)—821101 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:—भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली/निबंधक, परिचारिका निबंधक परिषद्, बिहार, पटना/क्षेत्रीय उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमण्डल, पटना /सिविल सर्जन, कैमूर/ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:—विभागीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी—6, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:—परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/6/11
निदेशक प्रमुख
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

☎: 0612–2215001

पत्रांक 787 /बी०एन०आर०सी०

प्रेषक,

श्रीमती मुनमुन मिश्रा
निबंधक
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्
विकास भवन, नया सचिवालय,
बेली रोड, पटना, बिहार,

सेवा में,

सचिव,
माँ मुण्डेश्वरी पारामेडिकल एण्ड नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान,
भभुआ, कैमूर ।

पटना, दिनांक 8 दिसम्बर, 2011

विषय : **सहमति पत्र ~~निर्गत करने के~~ सम्बन्ध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 242 दिनांक 10.102011 के सम्बन्ध में सूचित करना है कि निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ बिहार, पटना के ज्ञापांक 465(6) दिनांक 09.06.2011, द्वारा आपके संस्थान को 50(50) सीटों के लिए आर०ए०एन०एम० प्रशिक्षण कोर्स प्रारम्भ करने की अनुमति दी गयी है । इसमें बिहार परिचारिका निबंधन परिषद की सहमति है ।

आप निर्धारित समय सीमा के अंदर भारतीय उपचर्या परिषद से अपने संस्थान का निरीक्षण कराना कृप्या सुनिश्चित करेंगे ।

विश्वासभाजन

ह0/– M. Misra

(श्रीमती मुनमुन मिश्र)
निबंधक
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना

Registrar
Bihar Nurses Registration Council
PATNA

ज्ञापांक– /बी०एन०आर०सी० दिनांक / /2011

प्रतिलिपि : सचिव, भारतीय उपचार्य परिषद संयुक्त परिषद भवन, कोटला रोड, टेम्पल लेन, नई दिल्ली–110002 को सूचनार्थ प्रेषित ।

निदेशक–प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना ।

(श्रीमती मुनमुन मिश्र)
निबंधक
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना